हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 121 | 29 अप्रैल 2024 सोमवार हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

# 'शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया'

**● बेलगावी में कहा- वायनाड जीतने के लिए कांग्रेस ने पीएफआई की मदद ली**
**● क्या कोई 'पंजा' आपकी संपत्ति लूट सकता है? बेलगावी की जनता से पीएम मोदी ने पूछा सवाल, कांग्रेस को दी ये चेतावनी**



> कांग्रेस के शहजादे ने कहा कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज का भी अपमान किया है। उन्होंने तुष्टीकरण के लिए यह बयान दिया है।
>
> **नरेंद्र मोदी**
> प्रधानमंत्री

**कोई पंजा आपकी संपत्ति लूट सकता है?**

● पीएम मोदी ने कहा, तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई, एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे मोदी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वायनाड में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि हम देश की महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

बेलगावी,(एजेंसी)। पीएम मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी से सवाल पूछा कि क्या आप अपनी मेहनत की कमाई किसी को दे देना चाहेंगे? क्या आप कांग्रेस को अपना मंगलसूत्र हड़पने देंगे? क्या कोई श्पंजाश आपकी संपत्ति लूट सकता है? इसी के साथ उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस को सचेत करना चाहता हूं कि ये मंसूबे छोड़ दीजिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक के बेलगावी में पहुंचे, जहाँ उन्होंने सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने भाजपा का शफिर एक बार मोदी सरकारश का नारा दोहराया। पीएम ने कहा, श्आज विश्व में भारत की पहचान श्लोकतंत्र की जननीश के रूप में हो रही है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। भारत में, लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए हैं और इसी तथ्य ने देश के नागरिकों में आत्मविश्वास जगाया है। आज हर कोई कह रहा है शफिर एक बार मोदी सरकारश। कांग्रेस को देशहित की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती हैः पीएम मोदी बेलगावी में पीएम मोदी ने कांग्रेस को खूब खरी–खोटी सुनाई। उन्होंने जनता से कहा कि जब भारत प्रगति करता है तो हर कोई खुश होता है। लेकिन कांग्रेस श्परिवर्तनश में इस कदर लिप्त हो गई है कि वह भारत के हर विकासात्मक कदम से परेशान हो जाती है। पीएम ने कहा, श्भारत जब आगे बढ़ता है, भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है। लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है, परिवार हित में इतना उलझ गई है कि उसे देशहित की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती है।श कांग्रेस को सिर्फ अपनी वोटबैंक की चिंता हैः पीएम मोदी ईवीएम के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, श्कोविड टीकों पर सवाल उठाने से लेकर ईवीएम पर संदेह करने तक, कांग्रेस ने भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस को कड़ी फटकार लगाई है। आखिर कांग्रेस किसके इशारे और निर्देश पर खेलती है? ईवीएम पर कांग्रेस का झूठ और अफवाहें देश के लोकतंत्र के अपमान के अलावा और कुछ नहीं है। इसके लिए उसे माफी मांगनी चाहिए।श उन्होंने हुबली हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए कहा, श्हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कीमत नहीं है, उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। जब बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका हुआ, तभी कांग्रेस ने गंभीरता से नहीं लिया। यही नहीं, कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई, जो आतंकवाद को पनाह देने वाला देश विरोधी संगठन है, जिस पर मोदी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। कांग्रेस सिर्फ एक सीट वायनाड जीतने के लिए ऐसे पीएफआई आतंकी संगठन का बचाव करने में लगी है।श पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गए, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस–नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की।श उन्होंने कहा, श्कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा–महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा–महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुलतानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है।श कोई पंजा आपकी संपति लूट सकता है?: पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा, श्तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई, एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे मोदी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वायनाड में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है।श उन्होंने कहा कि हम देश की महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। और दूसरी ओर, कांग्रेस आपकी संपत्ति, आपकी संपत्ति, आपके सोने, श्स्त्री धनश, मंगलसूत्र और न जाने क्या–क्या का श्एक्स–रेश कराने की योजना बना रही है।

# देशभर में लू का कहर

नई दिल्ली,(एजेंसी)। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि इस समय भारत में लू का कहर चल रहा है। आने वाले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उसके पार तक जा रहा है। लू को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि बिहार और झारखंड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कई दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा। आइए जानते हैं और राज्यों के मौसम के बारे में– बंगाल और ओडिशा में रेड अलर्ट मौसम विभाग के अनुसार, गर्म और उमस भरे मौसम के कारण बंगाल और ओडिशा में दिन के अधिकतम तापमान में और वृद्धि की संभावना है। वहीं, लू के चलते लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, श्ओडिशा में भी लू से बिगड़ते हालातों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कुछ दिनों तक ऐसे ही हालात रहने वाले हैं। इसलिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।श इन जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार कई ऐसे स्थान हैं, जिनका तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। पश्चिम बर्धमान जिले के पानागढ़ में शनिवार को पश्चिम बंगाल का अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोलकाता में दिन का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इतना ही नहीं, मेदिनीपुर का 43.5, बांकुड़ा का 43.2, बैरकपुर का 43.2, बर्धमान का 43, आसनसोल का 42.5, पुरुलिया का 42.7 और श्रीनिकेतन का 42 डिग्री सेल्सियस हैं।



# उत्तराखंड के जंगलों में आग का कहर

**● ये आग कब बुझेगी? धधकते जंगलों में पर्यावरण को भारी नुकसान, धुएं से सांस लेना मुश्किल**




नैनीताल,(एजेंसी)। कुमाऊं समेत पूरे प्रदेश में जंगलों की आग ने पूरे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया है। जंगली जानवरों से लेकर आम इंसानों तक को धुंए की वजह से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। वन्य जीव वनाग्नि की वजह से जान बचाने के लिए इधर–उधर भाग रहे हैं। कई गांवों में तो आबादी तक जंगल की आग पहुंच गई है। पिछले एक माह के दौरान जंगलों में आग की घटनाओं ने तेजी पकड़ी है। एक अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में 559 वनाग्नि की घटनाएं हुई। इनमें कुमाऊं की 318 घटनाएं भी शामिल है। इस दौरान पूरे प्रदेश में 689 हेक्टेअर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। जलते जंगलों से पर्यावरण विद के साथ ही स्थानीय निवासी और सरकार तक चिंतित है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि जब गंभीरता दिखानी चाहिए तब विभाग दिखाता नहीं, जब हालात नियंत्रण के बाहर हो जाते हैं तब विभाग, आला अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों को वनाग्नि और हो रहे पर्यावरण के नुकसान की याद आती है। नैनीताल वन प्रभाग में 28 घटनाएं हल्द्वानी। नैनीताल जिले के अंतर्गत नैनीताल वन प्रभाग समेत छह वन प्रभाग आते हैं। इन प्रभागों के अंतर्गत आने वाले जंगलों में 15 फरवरी से अब तक 76 घटनाएं हुई है। इसमें करीब 91 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा। इसमें भी सर्वाधिक घटना नैनीताल वन प्रभाग में हुई है। इस प्रभाग में संबंधित अवधि में 28 वनाग्नि की घटना हुई है। इसके अलावा पिथौरागढ़ जनपद में 69, बागेश्वर में 11, चंपावत में 37, अल्मोड़ा 43 और ऊधम सिंह नगर में 41 घटनाएं हुई हैं। डीएम वंदना ने बताया कि एयरफोर्स लड़ियाकांटा में अपने उपकरणों के फायर से बचाव के लिए एयरफोर्स की ओर से विभिन्न झीलों से पानी लेने की अनुमति मांगी गई थी। एयरफोर्स ने भीमताल झील से ही पानी लिया है। हेलीकॉप्टर से फायर फाइटिंग में ज्यादा सफलता मिलती है जहां धुंए से विजिबिलिटी प्रभावित न हो रही हो। एयरफोर्स स्टेशन के बाहर शुक्रवार रात लगभग 70 लोग और शनिवार को हेलीकाप्टर के साथ–साथ करीब 50 लोग ग्राउंड पर काम रहे थे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य एवं सपा लोकसभा प्रभारी प्रदीप चौधरी एवं गठबंधन प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से

# कांग्रेस के गारंटी कार्ड वितरण का शुभारंभ




(भव्य प्रभात)
हाथरस। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य एवं समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रभारी प्रदीप चौधरी एवं इंडिया गठबंधन सपा लोकसभा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से चुनाव कार्यालय दीक्षित धर्मशाला आगरा रोड पर कांग्रेस के गारंटी कार्ड वितरण का शुभारंभ किया कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने कहा कि कांग्रेस पांचो गारंटी है लोगों को प्रभावित कर रही है और आने वाला समय कांग्रेस का है राहुल गांधी की यह घोषणाएं भविष्य में देश हित में है हर जन मानस के लिए राहुल गांधी ने गारंटी दी है और आने वाले समय में राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा इस बार इंडिया गठबंधन देश में सरकार बनाने जा रहा है कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र जनता को प्रभावित कर रहा है इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर यादव उर्फ भोला पहलवान कांग्रेस महिला शहर अध्यक्ष आमना बेगम प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामनारायण काके सपा शहर अध्यक्ष ताराचंद कुशवाहा राजकुमारी यादव हबीब प्रधान बीना पोरुष गौरीशंकर बघेल हरिशंकर वर्मा गिरिराज सिंह गहलोत कपिल नरूला आदि मौजूद थे

# ''नई सामाजिक व्यवस्था में दृष्टिकोण एवं गुण- मीडिया की भूमिका'' विषय पर होगी सेमीनार

● राष्ट्रीय मीडिया सेमीनार/रिट्रीट का माउण्ट आबू स्थित ज्ञानसरोवर में आयोजन

(भव्य प्रभात)
हाथरस। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के 21 प्रभागों में से एक मीडिया प्रभाग की प्रति वर्ष होने वाली सेमीनार इस वर्ष पुनः शान्त, शीतल, स्वच्छ, हरी–भरी अरावली पर्वतमालाओं की चोटी पर आबू पर्वत स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सुरम्य ज्ञानसरोवर परिसर में आयोजित की जा रही है। ये सेमीनार राजयोग शिक्षा एवं शोध प्रतिष्ठान की ज्ञानसरोवर अकेदमी में 23 से 27 मई 2024 तक आयोजित होगी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अलीगढ रोड स्थित शान्ति भवन, आनन्दपुरी कालोनी के सहज राजयोग प्रशिक्षण की राजयोग शिक्षिका केन्द्र प्रभारी बी0के0 शान्ता बहिन के अनुसार इस मीडिया सेमीनार का विषय ''नई सामाजिक व्यवस्था में दृष्टिकोण एवं गुण – मीडिया की भूमिका'' रखा गया है। उन्होंने बताया कि बदलते सामाजिक तानेबाने में आज समाज में घटते जीवन मूल्य और बढ़ती हुई अशान्ति से मीडिया और व्यक्तिगत जीवन में मीडियाकर्मी भी प्रभावित हो



रहे है। इलैक्ट्रोनिक और प्रिन्ट मीडिया के मीडियाकर्मी द्वारा अपने कार्यों में और अधिक रचनात्मकता तथा दिव्यता लाने के लिए खासतौर पर इस प्रकार के सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं। हांलाकि मीडिया समाज के अन्दर छिपे हुई कुरीतियों, बुराईयों और अच्छाईयों को उजागर करता रहा है। बदलते हुए सामाजिक परिवेश के मध्य अपनी भूमिका को और सक्षमता पूर्वक निभाने के लिए इस बार का विषय रखा गया है।

बी0के0 शान्ता बहिन के अनुसार इस सेमीनार में केवल प्रिन्ट, इलैक्ट्रोनिक, साईबर मीडिया जैसे– समाचार पत्र–पत्रिकाओं के मालिक, प्रकाशक, सम्पादक, व्यवस्थापक, ब्यूरो चीफ, रेडियो, निजी एवं सरकारी टेलीविजन के डायरेक्टर, कार्यक्रम अधिकारी, केबल टी0वी0 के मालिक, राज्य व केन्द्र के सूचना मंत्रालय तथा सूचना व प्रोद्योगिकी विभाग, जनसम्पर्क अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी स्तर के मीडियाकर्मी सम्मेलन में आमंत्रित किये गये हैं। इसमें सहभागिता तथा रजिस्ट्रेशन के लिए ब्रह्माकुमारीज़ के आनन्दपुरी कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र पर अथवा ब्रह्माकुमारीज के मीडिया प्रभाग के स्थाई सदस्य बी0के0 दिनेश भाई से फोन नं0 9358329050 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# छत से गिरकर युवक की हुई दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

हाथरस। सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरसे में नींद में एक व्यक्ति की छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। कोतवाली सासनी क्षेत्र के गांव बरसे निवासी करीब 40 वर्षीय युवक भरत सिंह कुशवाहा पुत्र भीमसेन कुशवाहा मजदूरी आदि करके अपना भरण पोषण करता था और उसने शादी भी नहीं की थी। वह रोजाना की तरह गर्मी के कारण अपने घर की छत पर सो रहा था और सोते समय अचानक नींद में ही वह उठा और अचानक छत से नीचे गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से उसके परिवार के लोगों के अलावा मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। घायल भरत सिंह को तत्काल परिजनों द्वारा उपचार हेतु पहले एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक के परिवार के लोग शव का बिना पोस्टमार्टम कराए और पुलिस को बिना सूचित किया ही शव को वहां से ले गए। युवक की मौत से परिजनों में जहां भारी कोहराम मच गया। उनका रो– रोकर बुरा हाल था। घटना के बाद गांव में भी मातम छा गया।

# सादाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा दो चोरों को किया गिरफ्तार

हाथरस। सादाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा दो चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल, अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खौंडा निवासी दिव्यांशु गौतम पुत्र योगेश गौतम ने 26 अप्रैल को सूचना दी कि वह 19 अप्रैल को जलेसर रोड स्थित गौड मैरिज होम सादाबाद में शादी समारोह में शामिल होने के गया था। जहां से उनकी मोटरसाईकिल संख्या यूपी 86 एए 4364 किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे चौकिंग अभियान के तहत सादाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार द्वारा कार्यवाही करते हुए सूरज उर्फ गोला पुत्र श्यामलाल व अजीत उर्फ खिर्री पुत्र दिवाकर जाट निवासीगण नगला जयलाल सादाबाद को नगला जयलाल मोड के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस, अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने 19 अप्रैल की रात्रि में गौड मैरिज होम से मोटर साईकिल हीरो स्पलैण्डर प्लस संख्या यूपी 86 एए 4364 चोरी की थी। उसको आज बेचने के लिए जा रहे थे।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com

**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक, लेटर पैड, पम्पलेट
पोस्टर, शादी कार्ड, अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग, अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# नम ऑखों से भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी स्व सांसद राजवीर दिलेर को श्रद्धांजलि

- पार्टी एवं समाज को समर्पित रहा स्व सांसद का जीवन : शरद माहेश्वरी
- भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर हुई शोकसभा



(भव्य प्रभात)

हाथरस। भारतीय जनता पार्टी के गौशाला रोड़ स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के नेतृत्व में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद राजवीर दिलेर की आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद राजवीर दिलेर का जाना हम लोगों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। भगवान अपने श्रीचरणों में उनको स्थान दे। बैठक के बाद दिवगंत आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता दुखी था और सभी की आंखें नम थीं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद राजवीर दिलेर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न दायित्व में रहते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करते थे व पार्टी के साथ अन्य कई सामाजिक संगठन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में शामिल रहते थे। उनके निधन से पार्टी एवं समाज को बड़ी क्षति हुई है। जिलाध्यक्ष शरद ने कहा कि राजवीर दिलेर के मार्गदर्शन में उन्होंने बड़ों का सम्मान करने और छोटों को प्यार देने के संस्कार सीखे। उनकी कार्यशैली निर्विवाद थी। उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुयी है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी। शोक सभा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वाले में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री भाजपा डी पी भारती, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, विधायक सिकंदरराऊ बीरेंद्र सिंह राणा,के अलावा कार्यकर्ता ने अपने विचार व्यक्त किए, शोक सभा में उपस्थित रहने वालों में चौ० सत्यपाल सिंह, हरिशंकर राना, रुपेश उपाध्याय, अनिल सिसोदिया, राम कुमार माहेश्वरी, चौ० राजेंद्र सिंह, एशियाड कुलश्रेष्ठ, मोहित बघेल, रामवीर सिंह माहौर, अनुराग अग्निहोत्री, सुश्री सुनीता वर्मा, रामकुमार माहेश्वरी, हरीश सेंगर, स्मृति पाठक , सोनिया नारंग, मूलचन्द वार्ष्णेय, नीरेश कुमार सिंह, राजपाल सिंह, नरेश प्रताप सिंह, भूपेंद्र कौशिक, कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय, दिनेश शर्मा, ऊषा पाठक, सुनील वर्मा एड, विवेक रावत, अनंत्वीर सोलंकी, अशोक गोला , अंकुर सिसोदिया डम्वेश चक, बंटी आर्य, जितेन्द्र कुमार, नवनीत गौतम, प्रवीन कुमार, लक्ष्मण सेंगर, अनूप अग्रवाल, नानकचन्द पचौरी, गौरव ठाकुर आदि भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई सम्पन्न




(भव्य प्रभात)

हाथरस। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार हाथरस में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित हुई, बैठक में जनपद में आगामी वर्षाकाल में बाढ़ की सम्भावनाओं के दृष्टिगत बाढ़ सुरक्षात्मक तैयारियों के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया जिसमें सभी विभागों ने अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित की जाने वाली कार्यवाही के वारे में जानकारी दी। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, को नदियों, नहरों की देखभाल करने एवं वर्षा से पूर्व जनपद हाथरस के नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये गये तथा अन्य सभी विभागों को भी को बाढ़ से पूर्व अपनी समस्त तैयारियों को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये जिसमें वर्षाकाल में किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति से बचा जा सकें। साथ ही हीटवेब (लू) से बचने हेतु भी सभी को निर्देश दिये गये। उक्त अवसर पर सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, जिलाकृषि अधिकारी, जिला उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ विभाग, पशुपालन विभाग, आपदा विशेषज्ञ, एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# छत्त से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुय युवक की उपचार के दौरान मौत

हाथरस। सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरसे में रात्रि के समय छत्त से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया है। सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरसे निवासी करीब 35 वर्षीय भरत सिंह कुशवाहा पुत्र भीमसेन कुशवाहा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। यह गर्मी होने के कारण छत पर सोने के लिए चला गया था। देर रात छत पर सोते समय उनकी आंख खुल गई वह नींद में छत पर खड़े होकर जब नीचे उत्तर रहा था तभी छत से नीचे गिर पडा। छत से गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण एवं परिजन मौके पर पहुंच गए परिजनों ने गंभीर रूप से घायल भरत सिंह को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां हालात गंभीर होने के कारण आगरा ले गये थे लेकिन आगरा में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। इस घटना से परिवार के लोग सदमें में है।

# एक किशोरी को तेजाब पिला दिये जाने की घटना चर्चा

हाथरस। हसायन कोतवाली क्षेत्र में 27 दिन पूर्व एक किशोरी को तेजाब पिला दिये जाने की घटना चर्चा का विषय बनी हुयी है। हालांकि इस मामलें में पीडित परिवार के लोगों ने कोई शिकायत दर्ज नही करायी है। किशोरी आगरा के हास्पीटल में भर्ती है। हसायन क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहा है। उनका कहना है कि 1 अप्रैल को पड़ोसी महिला ने उनकी पुत्री को अपने घर पर बुलाया और वहां पर दो युवकों ने जान से मारने की नीयत से पुत्री को जबरदस्ती तेजाब पिला दिया। जब उनकी पुत्री वापस लौट कर आई तो उसे खून की उल्टियां होने लगी। पुत्री ने बताया कि तीनों ने उसे तेजाब पिला दिया है। परिवार के लोग किशोरी को उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गए तो उसकी हालत को गंभीर देखते हुए आगरा ले गये है। बताते है कि पीडित परिवार अभी पुलिस में कोई शिकायत नही की है।

# दून प्रीमियर लीग क्रिकेट सीरीज में दूनाइट्स इलेवन ने ८ विकेट से की शानदार जीत

(भव्य प्रभात)

हाथरस। क्रिकेट कौशल के शानदार प्रदर्शन में दून प्रीमियर लीग क्रिकेट सीरीज 3 में दून पैरेंट्स. स्टाफ व दूनाइट्स इलेवन और अग्रवाल युवा मंडल के बीच दो मनोरंजक मैच खेले गए, जिनकी कप्तानी गौरव उपाध्याय, अभय बंसल ने की।

पहले मैच में अग्रवाल युवा मंडल ने 120 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा, जिसे दूनाइट्स इलेवन ने 8 ओवर के भीतर ही हासिल कर लिया और 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की। रजत अग्रवाल मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मुकाबले में दूनाइट्स इलेवन ने 150 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी अग्रवाल युवा मंडल 130 रन पर ऑल आउट हो गयी। दूनाइट्घ्स इलेवन ने यह मुकाबला 20 रन से जीत लिया। चंदन 5 विकेट लेने लेकर मैन ऑफ द मैच बने। प्रिंसिपल जेके अग्रवाल ने प्रतिभागियों के बीच फिटनेस और सौहार्द को बढ़ावा देने में खेल के महत्व पर जोर दिया। अग्रवाल युवा मंच अध्यक्ष नवनीत पोद्दार की उपस्थिति व शिखर गर्ग की विकेटकीपिंग के चलते बेहतरीन तीन कैच भी पकडे गये थे।

# पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, दर्दनाक मौत

हाथरस। पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई और अन्य लोग भी वहां गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना आगरा– अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर चंदपा कोतवाली क्षेत्र की है। बताया गया है कि अलीगढ़ का निवासी मुनीश कुमार पुत्र रोशन लाल जब गांव बिसाना से पैदल अपने गांव की ओर लौट रहा था तो अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर भीड लग गई। इसी दौरान चालक वाहन को लेकर वहां से भाग गया। हादसे के बाद पुलिस भी वहां पहुंच गई। उसके परिवार के लोग भी वहां आ गए। मुनीश कुमार हाथरस में एक हींग की फैक्ट्री में काम करता था और अभी अविवाहित था। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर उसके गांव में मातम छा गया और परिवार में कोहराम मच गया।

# खराब गेंदबाजी ने बढ़ाई गुजरात की चिंता

अहमदाबाद। गुजरात के लिए मोहित शर्मा, उमेश यादव, संदीप वॉरियर ने काफी रन लुटाए हैं, जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह ओमरजाई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। गुजरात टाइटंस को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को आईपीएल के मैच में उसे रॉयल चौलेंजर्स बंगलूरू (आरसीबी) के मध्य क्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम के नौ मैच में आठ अंक हैं। गुजरात को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (10 विकेट, इकोनॉमी 10.35), उमेश यादव (सात विकेट, 10.55), संदीप वॉरियर (पांच विकेट, 10.85) ने काफी रन लुटाए हैं, जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह ओमरजाई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। उनके स्पिनर राशिद खान (आठ विकेट), आर साई किशोर और नूर अहमद (6–6 विकेट) शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। आरसीबी के मध्य क्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन ने लय हासिल की है तो इस तिकड़ी का काम अब और मुश्किल हो जाएगा। लय में रजत पाटीदार रजत पाटीदार ने सत्र में सामान्य शुरुआत के बाद अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा प्रदर्शन किया, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स हैदराबाद) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। अब वह स्पिनरों के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराने के लिए बेताब होंगे। ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी के




दौरान प्रभावित किया और आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया। इससे आरसीबी को निचले क्रम में दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर पर निर्भर कम करने में मदद मिली है। वहीं, कोहली और फाफ लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। 300 से अधिक रन बनाए हैं सुदर्शन और गिल ने साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं। लेकिन गुजरात का मध्य क्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है। डेविड मिलर (138 रन), शाहरुख खान (30), विजय शंकर (73) और राहुल तेवतिया (153) जैसे खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे पारी को आगे बढ़ाने में असफल रहे। घरेलू टीम को आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ उनसे अच्छे योगदान की जरूरत होगी। आरसीबी के मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल सनराइजर्स हैदराबाद के मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप के खिलाफ असाधारण रहे। लेग स्पिनर कर्ण शर्मा और कामचलाऊ तेज गेंदबाज ग्रीन ने अपने मुख्य गेंदबाजों का सहयोग करते हुए समान चार विकेट लिए। इसलिए अब दिन में होने वाले इस मैच में गुजरात की बल्लेबाजी को देखते हुए वे और सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। दोनों टीमोंकी संभावित प्लेइंग–11 गुजरात टाइटंसरू ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, अजमतुल्लाह ओमरजई, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, आर साई किशोर, नूर अहमद, मोहित शर्मा, संदीप वॉरियर रइम्पैक्ट सबरू साई सुदर्शन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरूरू विराट कोहली, फाफ डुप्लेसिस (कप्तान)।

## फिडे ने विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए बोली प्रक्रिया शुरू की, लगभग 80 करोड़ रुपये का बजट रखा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चौंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चौंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था फिडे ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित मैच के लिए संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित कीं। एआईसीएफ के नवनिर्वाचित सचिव देव पटेल ने गुरुवार को ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए राष्ट्रीय निकाय की इच्छा व्यक्त की। गुकेश की मौजूदगी के कारण एआईसीएफ इसमें दिलचस्पी ले रहा है। सत्रह साल के गुकेश सोमवार को टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चौलेंजर बने हैं। संभावित बोली लगाने वाले के लिए फिडे द्वारा उल्लिखित बुनियादी मानदंड को पूरा करना होगा। इसमें वैश्विक निकाय के लिए 8.5 मिलियन डॉलर (लगभग 71 करोड़ रुपये) का बजट और 1.1 मिलियन डॉलर (लगभग नौ करोड़ रुपये) की सुविधा शुल्क है। टूर्नामेंट की अवधि 25 दिन की है। फिडे द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल पुरस्कार राशि लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (20 करोड़ रुपये से अधिक) है जो 2023 में पुरस्कार राशि दो मिलियन डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) से बढ़ा दी गई थी। फिडे इस मामले में 31 मई तक कोई फैसला करेगा। पटेल ने इससे पहले पीटीआई से कहा था, ''हम शतरंज की शीर्ष संस्था फिडे के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं और हमें यकीन है कि सर्वश्रेष्ठ विश्व चौंपियनशिप का आयोजन भारत में होगा।

## भारतीय एथलीट खुद को दुनिया के शीर्ष एथलीटों से कम नहीं समझतेः तूर

भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चौंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का 'विश्वास बढ़ा' है और वे खुद को 'शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं' समझते हैं। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर आयोजित एक पैनल चर्चा में कहा, '' तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने की मानसिकता के साथ वहां जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आज मानसिकता में बदलाव आया है। हम अपने आप को उन शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते जिनके साथ हम प्रतिस्पर्धा करते हैं। विश्व चौंपियनशिप के नतीजों को देखें, हमारे पास नीरज और किशोर जेना पोडियम पर थे। हमारे पास डीपी मनु भी थे। वह इसी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे थे।'' चर्चा में 27 बार के आईबीएसएफ विश्व चौंपियन पंकज आडवाणी, शीर्ष निशानेबाज तेजस कृष्ण प्रसाद, स्क्वाश स्टार जोशना चिनप्पा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट और अर्जुन पुरस्कार विजेता अश्विनी नचप्पा भी शामिल थे।

## दीपिका सेमीफाइनल में, तीरंदाजों के चार पदक पक्के

मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6 . 4 (27 . 28, 27 . 27, 29 . 28, 29 . 27, 28 . 28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई।

## ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल करने के बाद करेन ने कहा, क्रिकेट बेसबॉल में बदल रहा है

कोलकाता। जॉनी बेयरस्टो के नाबाद 108 और शशांक सिंह के नाबाद 68 रनों की बदौलत पंजाब किंग्स ने 262 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर आठ विकेट से जीत हासिल की। पंजाब के कप्तान सैम करेन ने इस ऐतिहासिक जीत पर कहा, क्रिकेट बेसबॉल में बदल रहा है, है ना? मंच प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में तैयार किया गया था, जहां पंजाब किंग्स ने 262 रनों के साहसिक लक्ष्य का पीछा किया। कुछ समय तक बाहर रहने के बाद किंग्स टीम में वापसी करते हुए जॉनी बेयरस्टो ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच पर कब्जा कर लिया और सिर्फ 48 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए। चौथे नंबर पर आए शशांक सिंह ने चुनौती को उत्साह के साथ स्वीकार किया और 28 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाकर सीजन के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। करेन ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, क्रिकेट बेसबॉल में बदल रहा है, है ना? यह बिल्कुल अविश्वसनीय था। हम कहां से शुरू करें? दो अंकों से पूरी तरह खुश हूं। ऐसे मैच दुनिया की सोच से बाहर हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हमारे लिए कुछ सप्ताह कठिन रहे हैं (यह किंग्स की पांच मैचों में पहली जीत थी) लेकिन हम वास्तव में वहां फंस गए थे। हमने टीमों को तार–तार कर दिया है और, मुझे लगता है, स्कोर के बारे में भूल जाओ... मुझे लगा कि हम वास्तव में जीत के हकदार थे। शुक्रवार के मैच में किसी टी20 मैच में सर्वाधिक छक्के (42) भी लगे। इसने पिछले महीने हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के 38 हिट और पिछले हफ्ते बेंगलुरु में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और एसआरएच के 38 हिट को पीछे छोड़ दिया। करेन ने कहा, हां, मुझे लगता है कि इसमें बहुत सारी अलग–अलग चीजें शामिल हो गई हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से लोग प्रशिक्षण लेते हैं वह स्पष्ट रूप से बहुत बड़ा है और वे लंबे समय तक गेंदों को हिट कर सकते हैं। मुझे लगता है कि यह आत्मविश्वास, कोच और जिस तरह से हम प्रशिक्षण ले रहे हैं, वह है। आइए ईमानदार रहें – छोटे मैदान, थोड़ी ओस के साथ और गेंद (गीली हो जाती है) और कभी–कभी आपको वाइड कॉल मिलती है। आपको लगता है कि आपके पास डॉट बॉल है, आप इसकी समीक्षा करते हैं और फिर यह वाइड हो जाती है। इसलिए, हाँ, यह नहीं कहा जा रहा है कि यह बल्लेबाज का खेल है ...मुझे यकीन है कि हर कोई छक्के देखना चाहता है। मुझे लगता है कि आंकड़े निश्चित रूप से उन छोटे–छोटे क्षणों को जीतने के बारे में हैं। बेयरस्टो ने मुस्कुराते हुए कहा, जहां तक संभव हो सके इसे मारने की कोशिश करो।

## अश्मिता चालिहा ने किया उलटफेर, भारतीय महिलाओं ने कनाडा को 4–1 से हराया

अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4–1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की। रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26–24 24–22 से मात दी। लि 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशरू स्वर्ण और रजत पदक विजेता हैं। फरवरी में पहली बार एशिया टीम चौम्पियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाई। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय चौम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21–12, 21–10 से हराकर भारत को 2–0 से आगे कर दिया। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21–13, 21–12 से हराकर भारत को 3–0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19–21, 15–21 से हार का सामना करना पड़ा।






## कभी शादी नहीं करना चाहती थीं विद्या बालन, सिद्धार्थ रॉय कपूर से मिलने के बाद बदला मन

विद्या बालन हिंदी सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने फिल्म प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर से शादी की है। विद्या की फिल्म दो और दो प्यार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है जिसमें उनके साथ प्रतीक गांधी लीड रोल में हैं। विद्या ने दैनिक जागरण को दिये इंटरव्यू में अपनी पर्सनल लाइफ और करियर को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

पिछले कुछ अर्से से गंभीर भूमिकाओं में नजर आईं विद्या बालन अब दर्शकों से सिर्फ हंसी बांटना चाहती हैं। सिनेमाघरों में आज प्रदर्शित होने वाली रोमांटिक कामेडी फिल्म श्दो और दो प्यारश में वह नजर आएंगी। इस फिल्म, प्रेम के गणित, पहली बार वोट डालने के अनुभव व निजी जीवन को लेकर विद्या बालन से स्मिता श्रीवास्तव की विशेष बातचीत के अंश...

इस इंडस्ट्री में आपके 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। महिला सशक्तीकरण आधारित सिनेमा आपके कंधों पर है...

अच्छा लगता है कि मैंने जब करियर की शुरुआत की तो एक ही तरह की फिल्में बन रही थीं। फिर धीरे–धीरे महिला केंद्रित कहानियों का सिलसिला आरंभ हुआ। मैं सही जगह सही वक्त पर थी। उसका बहुत लाभ हुआ। इस तरह महिला प्रधान फिल्मों के साथ जुड़ गई। उनकी वजह से बहुत प्यार बटोरा और फिल्मों में तब्दीली भी आई, खास तौर पर महिला प्रधान फिल्मों में। अधिक संख्या में महिला प्रधान फिल्में बनने लगी हैं और बॉक्स ऑफिस पर चलने भी लगी हैं। इन सब बातों की मुझे बहुत खुशी है। इसमें हम सबका योगदान है।

दो और दो प्यार क्या कहना चाहती है?

यहां के लोगों को लगता है कि दो और दो चार हो सकते हैं, लेकिन यहां पर प्यार है, यही गुत्थी सुलझा रहे हैं। मजेदार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। रोमांस है, मस्ती भी है इसमें। इस वजह से यह फिल्म मुझे बहुत अच्छी लगी। इस वक्त मैं बस हंसना–हंसाना चाहती हूं। दर्शकों के लिए भी यही सही है, क्योंकि मैं बतौर दर्शक भी बहुत थक गई थी। पक गई थी उसी तरह का कंटेंट देख देखकर। इतनी मारधाड़। इतना क्लेश (हंसती हैं)। अब थोड़ा सा रोमांस और प्यार होना चाहिए।

प्यार को लेकर आपका गणित क्या रहा है?

मेरा तो सही रहा है (जोर का ठहाका मारती हैं)। मैं खुशकिस्मत रही। वास्तव में मैंने कोई गणित नहीं बिठाया। जब आप गणित नहीं बिठाते तभी चीजें सही चलती हैं। अगर हम योजना बनाकर चलें कि किसी इंसान में ये गुण होने चाहिए, फिर हमारी पटेगी तब शायद आपको निराशा हो। मैंने तो सोचा था कि कभी शादी नहीं करूंगी, क्योंकि मैंने करियर इतना देरी से शुरू किया। मुझे लगता था इतना कुछ करना है, लेकिन सिद्धार्थ ने आकर वो इरादा बदल दिया।

कैसा था जीवन में पहला रोमांस?

मेरा तो अच्छा नहीं था। शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। उस समय मैं 14 या 15 साल की थी। मुझे उस लड़के की आवाज बहुत अच्छी लगती थी। एक दिन मैंने उसे गुनगुनाते हुए सुना, फिर मैं वहां से भाग गई (ठहाका मारती हैं)।

यह फिल्म द लवर्स की रीमेक है?

वास्तव में यह रीमेक नहीं है। नींव वही है पर कहानी काफी अलग है उससे। जो दिशा शीर्षा गुहा (लेखक और निर्देशक) ने स्क्रिप्ट दी, वो बहुत अलग थी। यह रोमांटिक कामेडी है। मूल फिल्म थोड़ा गंभीर थी। अभी तो आप किसी को सीधे मैसेज भेजकर मन की बात कह सकते हैं। जहां तक लव स्टोरी की बात है तो जीवन में लव स्टोरी खत्म हो रही हैं। समाज में जो होता है, हमारा सिनेमा उसी को दर्शाता है। आजकल हम सब बहुत अधीर हो गए हैं। हम इंस्टाग्राम पर किसी का प्रोफाइल चेक करते हैं। अगर वो पसंद आए तो उसे संदेश भेजते हैं। एकाध बार मैसेज पर बात कर लेते हैं। अगर अच्छा लगा तो ठीक है वरना डिलीट, ब्लाक। किसी दूसरे को जानने का मौका ही नहीं दे रहे हैं।

शादी के किन पहलुओं को फिल्म में दिखाया गया है?

शादी में एक वक्त के बाद दंपती इतने सहज हो जाते हैं कि वे एक–दूसरे को हल्के में लेने लगते हैं। उस वजह से वे साथ अधिक समय नहीं बिताते। एक–दूसरे में अधिक रुचि नहीं लेते। उसका असर रिश्तों पर पड़ता ही है। दूरियां बढ़ती जाती हैं। ये सब बातें आपको फिल्म में दिखाई देंगी।

जब रिश्तों में कोई धोखा दे जाए, तो क्या माफ कर देना आसान होता है?

अगर किसी से प्रेम संबंध है तो माफ करने में दिक्कत होती है। (धीरे से बोलते हुए) मैं शायद नहीं कर पाऊंगी। उम्मीद करती हूं कि इसकी आवश्यकता ही न पड़े।

असल जिंदगी में दांपत्य के झगड़ों को सुलझाने में कौन आगे आता है ?

झगड़ा शांत करने में सिद्धार्थ। (शर्माते हुए) मनाने के उनके अपने तरीके हैं।

देश में चुनाव का माहौल है। सही सरकार चुनना कितना आवश्यक है?

वो सबसे आवश्यक है। , क्योंकि सरकार देश चलाती है। अगर आप देश में कोई भी परिवर्तन लाना चाहते हैं तो वह आप से शुरू होना चाहिए। आपका वोट सबसे अहम योगदान है उसकी तरफ। वोट जरूर कीजिए।




बॉलीवुड स्टार्स फिल्मों में अपने किरदारों के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ–साथ अपनी आदतों को भी बदलने से परहेज नहीं करते। इस लिस्ट में मानुषी छिल्लर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांश के लिए मानुषी वेजिटेरियन से नॉन–वेजिटेरियन बन गईं। मानुषी को ऐसा क्यों करना पड़ा, इसका कारण उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है। जूम वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में मानुषी ने कहा, श्मैं ताउम्र अपनी लाइफ में वेजिटेरियन रही। मैंने हमेशा से ये सोचा था कि मैं कभी नॉन वेज नहीं खाऊंगी लेकिन तभी मैंने श्बड़े मियां छोटे मियांश साइन की। फिर मुझे कोविड को गया। मैं बहुत डर गई क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वेट कम हो क्योंकि मुझे श्बड़े मियां छोटे मियांश के लिए मसल्स बिल्ड करने थे।श मानुषी ने आगे कहा, श्तब मेरे पिता जो कि एक डॉक्टर हैं, उन्होंने मुझे मीट खाने की सलाह दी। पापा इस दौरान मेरी डाइट का बहुत ध्यान रखते थे। मैं उनसे हमेशा कहती थी कि प्लीज कुछ ऐसा बना दीजिए जो चिकन जैसा न लगे।

# कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगाः अमित शाह

कासगंज। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि जनता को कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी एससी–एसटी (अनुसूचित जाति–जनजाति) वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी और यह 'मोदी की गारंटी' है। शाह यहां एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। शाह ने कहा, दो खेमे हैं, एक खेमा राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों का है और दूसरा खेमा राम मंदिर बनवाने वालों का।" भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने 70–70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा, भटका कर रखा। यूपी वालों आप लोगों ने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जयश्रीराम कर दिया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण मिलने पर भी समारोह में न जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा निमंत्रण राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को भी दिया गया मगर कोई वहां नहीं गया।



शाह ने कहा कि यह आपको तय करना है कि कारसेवकों पर गोली चलवाने वाली समाजवादी पार्टी को वोट देना है या राम मंदिर बनाने के लिए अपनी सरकारें कुर्बान करने वाली भाजपा और नरेन्द्र मोदी को वोट देना है। उन्होंने राहुल गांधी पर पिछड़ा वर्ग के नाम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस का समर्थन कर रही है वह पिछड़ा वर्ग की विरोधी है। शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने "सालों तक काका साहब कालेलकर कमेटी की रिपोर्ट को दबाकर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया और मोदी जी जब प्रधानमंत्री बने तो पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक सम्मान दिया गया।" राहुल गांधी और अखिलेश यादव द्वारा भाजपा के पूर्ण बहुमत में आने पर आरक्षण समाप्त करने के दावे पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, इन लोगों ने झूठ की फैक्ट्री खोलकर रखी है। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के पास आरक्षण हटाने के लिए पूर्ण बहुमत दो कार्यकाल से है, परंतु मोदी जी आरक्षण समर्थक हैं और आज मैं मोदी गारंटी कहकर जाता हूं कि एससी एसटी और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न भाजपा हटाएगी न किसी को हटाने देगी। यह मोदी की गारंटी है। शाह ने एटा से भाजपा सांसद राजवीर सिंह के पिता दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण को नमन करते हुए अपनी बात शुरू की और कहा कि भाजपा के एक एक कार्यकर्ता पर कल्याण सिंह का बहुत बड़ा ऋण है। उन्होंने कहा, कल्याण सिंह जी ने ही पिछड़ों का कल्याण और राम जन्मभूमि का उद्धार, इन दो चीजों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज मुझे खुशी है कि मेरे प्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी ने 'बाबूजी' (कल्याण सिंह) के दोनों लक्ष्यों को पूर्ण किया है। उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर, पांच किलो अनाज 2029 तक मिलता रहेगा, उसको कोई रोक नहीं पायेगा। शाह ने मोदी की योजनाओं को भी गिनाया और कहा कि उन्होंने तीन करोड़ गरीबों को घर दिया। भाजपा के पूर्व प्रमुख ने कथित तौर पर केवल अपने परिवार के सदस्यों को चुनावी मैदान में उतारने के लिए समाजवादी पार्टी प्रमुख यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि पहले दो चरणों में जिन सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा 100 से अधिक सीट हासिल करेगी, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगी। एटा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है

रायबरेली । भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी के निज आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है जनमानस में यह संदेश पहुंचाना है कि भारतीय जनता पार्टी सतत चिन्तनशील विचारधारा, विशेष कार्य शैली, जनकल्याणकारी नीतियों के आधार स्तम्भ वाली पार्टी है द्य हमारा राष्ट्र विश्व में आध्यात्मिक गुरु रहा है वही स्थान और प्रतिष्ठा पुन स्थापित हो ऐसा चिंतन पार्टी का है द्य पार्टी जिसे अपना प्रत्याशी घोषित करती है उसका पूर्ण समर्थन एवं सहयोग करना है द्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है द्य आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल के फूल वाला बटन दबाना है और रायबरेली में कमल खिलाना है द्य जनपद के समस्त मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है द्य इस अवसर पर जिला सहसंयोजक ऋषि राज त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह, जिला संयोजक प्रबंधक महसभा अभिनव अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार अवस्थी, डॉक्टर कमलाकांत, सुनील द्विवेदी, जिला संयोजक वित्तविहीन महसभा चंद्र प्रकाश पांडे, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष मिश्रा, जिला संयोजक समन्वय समिति मनोज अवस्थी, जिला संयोजक प्रचार प्रचार समिति प्रेम शंकर मिश्र, जिला संयोजक महिला समिति गीता पांडे,जिला संयोजक उच्च शिक्षा महासभा डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला संयोजक सेवानिवृत्ति महासभा धीरेंद्र मिश्र,रतन सिंह ,चन्द्र धर शर्मा समेत शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### घर में घुसकर दबंगों ने किया तांडव

नसीराबाद,रायबरेली ।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुढा निवासी आसमीन बानो सुबह करीब 8 बजे अपने घर पर पिता मोहम्मद रफीक के साथ बैठी थी,तभी वहां गांव के उसमान, साहिल,असलम व मोहम्मद जहीर लाठी–डंडों से लैस होकर पहुंचे और घर में घुसकर उन्हें पीट–पीटकर घायल कर दिया। बाद में दोनों घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक केंद्र नसीराबाद भेजा गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर मोहम्मद जहीर पुत्र नसीर व उसमान,साहिल, असलम पुत्रगण मोहम्मद जहीर , निवासीगण ग्राम सभा कुढा थाना नसीराबाद के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में अभियोग दर्ज करके मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक आशीष मलिक को सौंप दी है।

### लेदर गारमेंट्स बनाने वाली कंपनी में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर राख

नोएडा, (यूएनएस)। नोएडा में रविवार तड़के आग का तांडव देखने को मिला। सेक्टर 65 के डी ब्लॉक में स्थित एक लेदर गारमेंट्स बनाने वाली कंपनी में सड़क लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में इसमें पूरी कंपनी को अपनी आगोश में ले लिया। दमकल विभाग की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। नोएडा के सेक्टर 65 के बी ब्लॉक में स्थित एक लेदर गारमेंटस की कंपनी में सुबह–सुबह आग लग गई। यह कंपनी लेदर गारमेंट्स बनती है। रविवार सुबह इस कंपनी में आग लगी। कंपनी के दूसरे तल पर आग लगी और आग लगातार बढ़ती हुई चली गई ,कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और धु धु करके पूरी कंपनी जलनी शुरू हो गई। लेदर होने की वजह से आग ने और ज्यादा तेजी पकड़ ली। कंपनी में मौजूद गार्ड्स ने इसकी सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक दर्जन गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया। करीब ढाई से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि जिस समय कंपनी में आग लगी उस समय कंपनी बंद थी और उसमें कोई भी मौजूद नहीं था।गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया ।अभी तक आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है लेकिन अंदेशा जताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने के चलते यह आग लगी थी। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि लेदर गारमेंट्स बनाने वाली कंपनी में आग लगने की सूचना मिली थी। आग काफी विकराल थी, एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया है और इस हादसे में कोई जानकारी नहीं हुई है।

## पंचतत्व में विलीन हुए अचल साहब, हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई


नसीराबाद, रायबरेली। ष्सुरत शब्द नाद योग अनल पक्ष विहंगमष के प्रवर्तक अचल साहब की अंतिम यात्रा में देश के कोने कोने से आए उनके हजारों अनुयायियों, भक्तों और क्षेत्रीय लोगों ने शामिल होकर उन्हें रोते–विलखते हुए



अंतिम विदाई दी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, बिहार और मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि प्रदेशों के बहुत से भक्तों ने उनकी जन्मभूमि तक आकर उनकी शवयात्रा को विशाल और स्मरणीय बना दिया। हजारों हजार की संख्या में मौजूद पुरुष और महिलाओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके नम आंखों से उन्हें अन्तिम विदाई दी। यात्रामार्ग पर लोग लगातार पुष्प वर्षा करते हुए ष्अचल साहब अमर रहेष् ष्राम नाम सत्य हैष् आदि नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। सलोन क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार कोरी, जिला पंचायत रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह, कबीर पंथी सन्त गौरव साहब और अनुजपुत्र सोनू सिंह ने अर्थी को कंधा दिया।सत्यदेव सिंह, अनुराग सिंह, विवेक त्रिपाठी, कामता नाथ सिंह, शिव सिंह, चौतन्य सिंह भदौरिया, सूर्य भान मिश्र, राम नारायण यादव, दिवाकर सिंह आदि हजारों लोग अंत्येष्टिस्थल पर मौजूद रहे।,

## सबके सुख में निहित है मानव का सुखः बोहरा

बाड़मेर । भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष में इन दिनों थार नगरी बाड़मेर में जैन युवा संगठन, बाड़मेर की ओर से पंछियों के लिए परिण्डे लगाने का कार्य किया जा रहा है । जिस कड़ी में परिण्डा अभियान में रविवार को वार्ड संख्या 10 में मदनलाल संखलेचा एवम् अभियान संयोजक व अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए । गौतम बोथरा ने बताया कि निर्मुक पंछियों की छोटी–सी सेवा के क्रम में हर पेड़ व हर घर की छत पर शीतल जल की व्यवस्था को लेकर जैन युवा संगठन, बाड़मेर के माध्यम से परिण्डा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् रविवार को वार्ड संख्या 10 में जैन मन्दिर के सामने की गली में परिण्डे लगाएं गए तथा उसमें नियमित जल भरने की जिम्मेदारी दी गई । इस दौरान 25 परिण्डे लगाएं गए । वहीं पूर्व में लगाएं गए पेड़ों की भी देखभाल की गई । परिण्डा अभियान के संयोजक मुकेश बोहरा अमन ने कहा



कि भगवान महावीर ने कई वर्ष पूर्व जीओ और जीने दो का अद्वितीय व जीवनमूलक संदेश दिया जो आज प्रत्येक जीव के सुख और कल्याण का मूलमंत्र साबित हो रहा है । अमन ने कहा कि प्रकृति के प्रत्येक जीव के सुख में ही मनुष्य का सुख निहित है । सबके सुख की कामना हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है । अभियान से जुड़े हरीश बोथरा ने बताया कि इस ग्रीष्म ऋतु में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष में थार नगरी, बाड़मेर में 2623 परिण्डे लगाने का लक्ष्य रखा गया है । जिसके माध्यम से शहर के अलग–अलग हिस्सों में विभिन्न संस्थाओं व व्यक्तियों के सहयोग से पेड़ों व घरों की छत पर 2623 परिण्डे लगाये जायेंगें । परिण्डा अभियान के दौरान रविवार को परिण्डे लगाने के लिए मदनलाल संखलेचा, मुकेश अमन, गौतम बोथरा, हरीश बोथरा, मिश्रीमल जैन, सम्पतराज बोथरा, नरेश सिंघवी अरटी, मनोज सिंघवीं, अमित सिंघवीं, भरेश बोथरा, वीणा सिंघवी सहित कई जन उपस्थित रहे ।

भव्य प्रभात

# आतिशी का दावा और आरोप

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रवर्तन निदेशालय के इस दावे की झूठ बताया कि केजरीवाल अपने ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ाने के लिए मीठा भोजन कर रहे थे। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल चाय में स्वीटनर परिछिटोल ले रहे है. ओ उनके डॉक्टर द्वारा निर्धारित किया गया है। आतिशी ने कहा कि आप क्या खाना खाते हैं और कौन–सा व्यायाम करते है, यह सब मधुमेह के रोगी के लिए आवश्यक है। यही वजह है कि कोर्ट ने उन्हें घर का बना खाना खाने की इजाजत दे दी है। लेकिन बीजेपी अपनी सहयोगी संस्था ईडी की मदद से अरविंद केजरीवाल की सेहत खराब करने की कोशिश कर रही है। आतिशी ने आरोप लगाया कि जेल में अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश की जा रही है। आतिशी की उपरोक्त प्रतिक्रिया तब आई जब वीडियो कान्फ्रेंसिंग से चिकित्सक से सलाह लेने की अनुमति देने की मांग संबंधी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अर्जी का ईडी ने विरोध किया। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने तर्क दिया कि केजरीवाल जमानत के लिए आधार बनाना चाहते हैं और इसीलिए उनके आहार चार्ट में मिठाई और आम शामिल है। ईडी के अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने कहा कि केजरीवाल हाई ब्लड शुगर का दावा करते हैं, लेकिन वह जेल के अंदर मिठाई, आम खाने के साथ चीनी वाली चाय पी रहे हैं। ईडी ने यह तर्क तब दिए जब, अर्जी पर सुनवाई शुरू होने पर केजरीवाल की तरफ से पेश अधिवक्ता विवेक जैन ने अदालत को बताया कि बेहतर आवेदन दायर करने के लिए यह आवेदन वापस लिया जा रहा है। ईडी के अधिवक्ता ने आवेदन में शुगर के ज्यादा बढ़ने के बिंदु पर चिंता व्यक्त करते कहा कि हमने जेल अधिकारियों को लिखा और उनसे पूछा है कि एक अप्रैल के अदालत के आदेश के तहत दी गई घर का खाना खाने की अनुमति के तहत क्या केजरीवाल आहार और दवाएं ले रहे हैं। इसमें पता चला कि मधुमेह की बीमारी का दावा करने वाले केजरीवाल आम, मिठाई और चीनी वाली चाय पी रहे हैं। निश्चित तौर पर केजरीवाल ऐसा जमानत का आधार तैयार करने के लिए कर रहे हैं। जैन ने कहा कि आवेदन वापस लिया जा रहा है और ईडी द्वारा यह बयान सिर्फ मीडिया के लिए दिया जा रहा है। कोर्ट ने आवेदन का निपटारा करते हुए तिहाड़ जेल अधिकारियों से केजरीवाल के आहार सहित मेडिकल रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। केजरीवाल ने अर्जी दाखिल कर कहा था कि उनके ब्लड प्रेशर के स्तर में उतार–चढ़ाव ही रहा है और इसलिए वह अपने नियमित चिकित्सक से परामर्श करना चाहते हैं। उपरोक्त आरोप से पहले दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनैतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा। आतिशी ने दावा किया था कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती है। मंत्री अनुसार पिछले कुछ महीनों से किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है। नौकरशाहों ने आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए मंत्रियों द्वारा बुलाई जाने वाली बैठकों में आना बंद कर दिया है। उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के कामकाज को लेकर गृह मंत्रालय को पत्र लिख रहे हैं। दिल्ली प्रदेश की सरकार और केंद्र की सरकार के बीच जो राजनीतिक लड़ाई पिछले कुछ वर्षों से चल रही है उसका स्तर कहां पहुंच गया है, यह उपरोक्त तथ्यों से भली भांति समझा जा सकता है। मूल रूप से मुद्दा यह है कि क्या जेल के भीतर से सरकार चलाई जा सकती है। संविधान इस मुद्दे पर चुप है, जिसका अर्थ यही है कि जेल के अंदर से सरकार बलाई जा सकती है। लेकिन जेल के नियम और नैतिकता के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि जेल के भीतर से सरकार चलाना संभव नहीं है, क्योंकि एक नहीं अनेक संवैधानिक कठिनाइयां है। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन तो तभी लगेगा जब केंद्र सरकार केजरीवाल सरकार को भंग करे। 'आप' की दिल्ली विधानसभा में विधायकों की संख्या को देखते हुए ऐसा कदम उठाना सरकार के लिए वर्तमान में तो मुश्किल है, लेकिन 4 जून को जब लोकसभा चुनावों में भाजपा को विजय प्राप्त होती है और मोदी सरकार पुनः सत्ता में आती है जिसकी पूरी संभावना है, तब केजरीवाल सरकार को भंग करना आसान हो जाएगा। उपरोक्त स्थिति पैदा होने से पहले ही आम आदमी पार्टी को उत्पन्न हुई राजनीतिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए अरविंद केजरीवाल के विकल्प के रूप में उनकी धर्मपत्नी या किसी अन्य वरिष्ठ नेता को केंद्र में रखते हुए अपनी तैयारी तो करनी ही चाहिए। मात्र आरोप लगाने से तो बात नहीं बनने वाली। राजनीति की राहें टेढ़ी और पथरीली भी होती है, इस बात का एहसास तो आतिशी सहित 'आप' के वरिष्ठ नेताओं को अब तक हो ही गया होगा।

# नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे

**संजीव ठाकुर**

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही हैस वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है। देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैस वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे–धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े–बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ–साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6: देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42:, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7:,भारत खुद 6: तथा रूस में इसका 5: उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी।

,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6: है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप–छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25: महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60: से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

# एस एस लॉ कॉलेज में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह हुआ

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में नवनिर्वाचित सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। स्वामी चिन्मयानंद अधिष्ठाता मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सानिध्य में कार्यक्रम के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह (प्रिंस) अध्यक्ष, पुरातन छात्र परिषद एवं वर्तमान विधायक कटरा विधानसभा, मुख्य अतिथि नारायण दत्त त्रिपाठी अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन, विशिष्ट अतिथि मनेंद्र सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता, विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार शर्मा महासचिव सेंट्रल बार एसोसिएशन, उपाध्यक्ष पुरातन छात्र परिषद अधिवक्ता ओम सिंह, सचिव पुरातन छात्र परिषद फिरोज हसन खान, सचिव प्रबंध समिति डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा, एस.एस. पी. जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. के. आजाद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा मंचस्थ रहे। अपने आशीर्वचन में स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए नौकरियों की कोई कमी नहीं है यहां तक कि वे सुप्रीम कोर्ट तक जा सकते हैं। आजादी के आंदोलन में अधिवक्ताओं ने देश की समस्याओं को महसूस किया और लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखने का कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे महाविद्यालय में विधि की शिक्षा के लिए सर्वाधिक सीटें स्वीकृत है और विधि के क्षेत्र में उच्च शिक्षा का अवसर महाविद्यालय में उपलब्ध है। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने हमारे महाविद्यालय को विश्वविद्यालय के रूप में देखने की प्रेरणा प्रदान की और आज स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, विश्वविद्यालय बनने के पथ पर अग्रसर है, यदि हमारा संस्थान विश्वविद्यालय बनता है तो हम विश्व के नक्शे पर एक अलग पहचान अंकित करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस संस्था से जो भी विद्यार्थी निकलते हैं वह न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस, वैज्ञानिक इत्यादि विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं में जाकर नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष वर्तमान विधायक वीर विक्रम सिंह ने बताया कि अधिवक्ता को अपने व्यवसाय में कामयाबी हासिल करने के लिए निरंतर अध्ययन करना पड़ता है तथा समाज को न्याय प्राप्त हो सके इस हेतु वह प्रयासरत होता है। आज सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वो अपना बखूबी योगदान दें रहे हैं। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा ने सेंट्रल बार एसोसिएशन शाहजहांपुर के पदाधिकारियों की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि महाविद्यालय एक मिशन पर कार्य कर रहा है जो जनपद के विकास के लिए कृत संकल्पित है। मुख्य अतिथि नारायण दत्त त्रिपाठी ने महाविद्यालय प्रशासन को आश्वासन दिया कि महाविद्यालय के विकास में बार एसोसिएशन अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा तथा साथ ही छात्रों के लिए बार एसोसिएशन से जो भी मदद हो सकेगी वह प्रदान की जाएगी। विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करती है और नैतिकता के साथ कार्य करने के लिए सिखाती है। अधिवक्ता न्याय के मंदिर के पुजारी हैं जिन पर उनका मुवक्किल विश्वास करता है इस विश्वास को कायम रखने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को गहराई से अध्ययन करने का सुझाव दिया। पुरातन छात्र परिषद के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम सिंह ने स्वागत भाषण दिया। पुरातन छात्र परिषद के सचिव अधिवक्ता फिरोज हसन खान ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पुरातन छात्र परिषद का मकसद कॉलेज से पढ़ चुके छात्रों को कॉलेज से जोड़े रखना है। ऐसा करने से कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को पुराने छात्रों से प्रेरणा मिलती है। पुराने छात्रों का कॉलेज या स्कूल से भावनात्मक लगाव रहता है। ऐसे में जब वे कॉलेज या स्कूल में आते हैं, तो वे भावना से जुड़ते हैं और अच्छे सुझाव देते हैं और कॉलेज के लिए आर्थिक मदद जुटाते हैं। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) के वरिष्ठ सदस्य मुनीश सिंह परिहार जी भी उपस्थित रहे। एस.एस.पी.जी. कॉलेज के वाणिज्य संकाय अध्यक्ष डॉ. अनुराग अग्रवाल और महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. दीप्ति गंगवार ने संयुक्त रूप से मंच संचालन किया। नारायण दत्त त्रिपाठी अध्यक्ष, राजीव कुमार शर्मा महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गेश चंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष, अजय त्रिपाठी एवं कृपा शंकर बाजपेई, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित कनौजिया, संयुक्त सचिव, विनय कुमार शर्मा, राहुल कुमार सक्सेना, आदर्श मिश्रा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा, सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ, बृजेश कुमार सिंह, मो. तस्लीम अंसारी, रामानंद श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार पांडे, सुनील शुक्ला, विकास कुमार सिंह, सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ, शीतल शर्मा, आशुतोष कुमार पांडे, शिवम मिश्रा, याहिया, कालीचरण गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव एवं पदेन सदस्य, बृजेश कुमार वैश्य (पूर्व अध्यक्ष) एवं सुधीर कुमार पांडे (पूर्व महासचिव) को स्वामी जी ने प्रभु श्री राम की प्रतिमा एवं पटका प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. प्रेम सागर,डॉ. अमित कुमार यादव,अशोक कुमार, रंजना खंडेलवाल, डॉ. अमरेंद्र सिंह, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ला, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, अभिलाष पांडे, सुश्री अर्पणा चौहान डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, आदि सभी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में 523 पुरातन छात्र उपस्थित रहे।

## शादी कर के लौट रहे दुल्हा दुल्हन दुर्घटना के हुए शिकार'

शाहजहांपुर। थाना सिधौली क्षेत्र के पीरु गांव की है,जहां लखीमपुर के मैलानी से शादी के बाद दुल्हन बोलेरो से शाहजहांपुर लौट रही थी। बोलेरो में दूल्हा दुल्हन समेत 10 रिश्तेदार सवार थे,बताया जा रहा है कि सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में टाटा मैजिक गाड़ी से बोलेरो की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बोलेरो पलट गई,स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया,एंबुलेंस के जरिए सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है।

## राजेश कश्यप के समर्थको ने कांट में फूंका सपा के पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप का पुतला'

शाहजहांपुर। सपा से राजेश कश्यप का टिकट कटने से आक्रोशित समर्थकों ने जताया विरोध। राजपाल कश्यप और सपा प्रत्याशी ज्योत्सना गौड़ के खिलाफ की नारेबाजी। पुतला फूकने वालो ने कहा राजपाल कश्यप ने धोखे से कटवाया राजेश कश्यप का टिकट। चुनाव में उन्हे भुगतना पड़ेगा खामियाजा। समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी राजेश कश्यप का टिकट काटकर हरदोई के सपा नेता राजपाल कश्यप की भांजी ज्योत्सना गौड़ को प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके चलते राजेश कश्यप के समर्थको में नाराजगी व्याप्त है।

## 'स्कूल वैन ड्राइवर ने कक्षा एक की बच्ची के साथ की अश्लील हरकतें'

शाहजहांपुर। कक्षा एक की छात्रा के साथ स्कूल वैन के ड्राइवर पर अश्लील हरकते कर दी। जब पीड़ित बच्ची ने स्कूल की टीचर को अपने साथ हुई गंदी हरकत की जानकारी दी तो स्कूल स्टाफ की तरफ से मामले को दबा दिया गया। स्कूल से घर जाने के बाद बच्ची ने मां और पिता को अपने साथ हुई हरकत की दास्तान सुनाई। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि क्षेत्र में ही स्थित एक स्कूल में मेरी बेटी कक्षा एक में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल वैन चालक मेरी बेटी को लेने आया। बेटी को वैन में बैठाकर उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। स्कूल वैन चालक ने बच्ची के साथ बैड टच किया। उसको जबरन आगे वाली सीट पर बैठा लिया। स्कूल जाने के बाद बच्ची ने घटना की पूरी जानकारी अपनी क्लास टीचर को दी। बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि घटना की जानकारी होते ही स्कूल का प्रबंधन बच्ची के पास आया और उल्टा डरा धमकाकर बेटी को एक बजे तक स्कूल में बैठाए रखा। और बेटी को घर पर कोई भी बात नही बताने की हिदायत दी। उसके बाद बेटी जब घर आई तब उसने घटना की पूरी जानकारी मां बाप को दी। लड़की के पिता ने इस बात की शिकायत थाने पर की। इधर जब इस प्रकरण की जानकारी पुलिस के आलाधिकारियों को मिली तो उन्होंने आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर कामरान पुत्र इखलाख हुसैन निवासी मो. ककरा कलां थाना सदर बाजार व ग्रीन वैली कानवेन्ट स्कूल के प्रबन्धक खान शाह खावर के खिलाफ 136ध्24 धारा 354ध 506 आईपीसी व 9एमध्10 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर लिया।वैन चालक द्वारा बच्ची से गलत हरकत करने की उन्हें जानकारी तो फौरन ही उसके खिलाफ तहरीर दी। धमकाने का आरोप गलत है

## प्रेक्षकों ने निर्वाचन कन्ट्रोल रूम निरीक्षण किया

शाहजहांपुर। लोकसभा तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न करने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन कार्य में लगाई गई एफएसटी, एसएसटी टीमों की लोकेशन देखी तथा दूरभाष से भी वार्ता कर लोकेशन ली। सीविजिल, 1950 तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली तथा की गई कार्रवाई के पंजिकाओं का अवलोकन किया। प्रेक्षकगणों ने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया में किए जा रहे।

## सामान्य प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

शाहजहांपर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन से संबंधित कार्यों की समीक्षा एवं विचार विमर्श के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक तथा लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोडल आफिसर्स तथा सहायक नोडल आफिसर्स के साथ बैठक आयोजन की गई। जिला निर्वाच अधिकारी ने निर्वाचन के दृष्टिगत की गई तैयारियो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का बड़ा पर्व है। सभी अधिकारी कर्मचारी पूरे मनोरोग तथा मेहनत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कम प्रतिशत वाले क्षेत्र का भ्रमण अवश्य कर लिया जाए। चुनाव आचार संहिता का अच्छे से अनुपालन हो। मतदाताओं को प्रलोभन धमकाने डरने वाले कार्य न होने दिया जाए। जनपद की सीमाओं टीम में 24 घंटे सक्रिय रहे। आयोग की सूचनए समय से भेजी जाए। एनफोर्समेंट की कार्रवाई समय से की जाए। सभी टीम एक्टिव रहे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र व बूथो पर आयोग द्वारा निर्धारित फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया जाए।पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखे जाएं। मतदान के लिए बनाए गए नए बूथों को चेक किया जाए। जिला बदर किए गए खुराफातियों का सत्यापन कराया जाए। ध्वनि प्रतिबंध का पालन कराया जाए। फेक न्यूज का खंडन कराया जाए। चुनाव को अच्छे ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से डिस्टिक सिक्योरिटी प्लान के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रो पर बिजली, छाया, पेयजल की भी व्यवस्था कराई जाए। मोबाइल एप का भी प्रचार प्रसार कराया जाएगा, जिसके माध्यम से मतदाता अपने बूथ को ट्रेस कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मतदान के दिन जनपद में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। उन्होंने पुलिस कार्मिकों के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं तथा वुलनरेबल व क्रिटिकल बूथ पर पुलिस के कम से कम समय में पहुंचने के संबंध में भी जानकारी दी।व्यय प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव को सभी अधिकारी अच्छे ढंग से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए संपन्न कराए। निर्वाचन को पारदर्शी ढंग से संपन्न करना सब की जिम्मेदारी है। समस्त अधिकारी अपने दायित्व का अच्छा ढंग से निर्वहन करें।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, एडीएम न्यायिक राशिद अली एवं नगर मजिस्ट्रेट पर्वेद्र कुमार, डॉ0 आरके गौतम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आठ घंटे तक नहीं आई एक हजार घरों में बिजली, इन्वर्टर भी दे गए जवाब

हाथरस। बिजली गुल रहने से इन इलाको के लोगों की दिनचर्या पटरी से उतर गई। लगातार आठ घंटे तक बिजली न मिलने से घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे गए। पानी के संकट भी सामना करना पड़ा। कूलर, पंखा और एसी शोपीस बने रहे। भीषण गर्मी में बिजली संकट बेलगाम होता जा रहा है। 27 अप्रैल की सुबह शहर के सरक्यूलर रोड पर हाईटेंशन लाइन का खंभा झुक गया। इस कारण सरक्यूलर रोड सहित आसपास के एक दर्जन गली–मोहल्ले के लगभग एक हजार घरों की बिजली करीब आठ घंटे तक ठप रही। गर्मी में बिना बिजली के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की घनी आबादी में झूलते खंभे और बंच लाइनें हादसों को न्योता दे रहे हैं। शुक्रवार को शहर की घनी आबादी वाले सरक्यूलर रोड पर हाईटेंशन लाइन का खंभा सड़क की तरफ झुक गया। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना विद्युत अधिकारियों को दी। अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और जर्जर खंभे को बदलवाने जाने का कार्य किया गया। इस दौरान शहर के सरक्यूलर रोड, तबेला गली, रेवाड़पुरा, सक्का गली, ओसवाल चौक, पीली कोठी, रामजीद्वारा आदि इलाकों की बिजली लगभग आठ घंटे तक ठप रही। बिजली गुल रहने से इन इलाकों के लोगों की दिनचर्या पटरी से उतर गई। लगातार आठ घंटे तक बिजली न मिलने से घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे गए। पानी के संकट भी सामना करना पड़ा। कूलर, पंखा और एसी शोपीस बने रहे। शाम पांच बजे कार्य पूरा होने के बाद ही आपूर्ति बहाल हो सकी। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह से बिजली नहीं है। बिना बिजली के ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर बाद इन्वर्टर भी ठप हो गया।–रामकुमार निवासी सरक्यूलर रोड। पहले से ही ज्यादा बिजली कटौती हो रही है। अब शनिवार को भी पूरे दिन बिजली गुल रहने से गर्मी में ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ी।–अरुण कुमार निवासी सरक्यूलर रोड। सरक्यूलर रोड पर हाईटेंशन लाइन का खंभा झुक गया था। इसे बदलवाए जाने का कार्य कराया गया। इस कारण कुछ इलाकों की कुछ घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कार्य पूरा होने पर आपूर्ति को बहाल कर लिया गया।–विशाल निषाद, एसडीओ प्रथम